**उत्तर प्रदेश विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2023 के द्वितीय शुक्रवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-17 का उत्तर।**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 17-(क) | क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि प्रयागराज तथा झाँसी मण्डल में तहसील स्तर पर राजस्व के कितने मुकदमें विगत दस वर्षों से लम्बित हैं ? | प्रयागराज मण्डल में तहसील स्तर पर 5194 राजस्व वाद विगत दस वर्षों से लम्बित हैं तथा झाँसी मण्डल में तहसील स्तर पर विगत दस वर्षों से कोई वाद लम्बित नहीं है। |
| (ख) | उपरोक्त लम्बित राजस्व वादो के शीघ्र निस्तारण किये जाने के संबंध में कार्यवाही करायेंगे ? | प्रदेश के राजस्व न्यायालयों में लम्बित वादों के त्वरित, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व परिषद, उ0प्र0 लखनऊ के आदेश दिनांक 28.12.2021, दिनांक 09.09.2022 व दिनांक 18.11.2022 तथा शासनादेश दिनांक 27.03.2018 एवं दिनांक 26.12.2022 द्वारा दिशा निर्देश निर्गत किये गये हैं। |
| (ग) | यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्य मंत्री